के विचाराधीन है; (ii) इण्डियन एयरलाइंस वर्ष 1980 के मध्य तक दो एयर बसों तथा चार बोइंग 737 एयरक्राफ्ट की और 1981 में 4 और बोइंग 737 एयरक्राफ्ट की वृद्धि करके अपनी फ्लीट में बढ़ोतरी करेगी; (iii) पर्यटन विभाग ने होटल आवास की वर्तमान क्षमता में वृद्धि करने के लिये नई होटल परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया है। सरकारी सेक्टर ने देश में पर्यटक महत्व के चुने हुए स्थानों पर परियोजनाओं का कार्यक्रम तयार किया है। वित्तीय राहतों, संगठनात्मक ऋणों के तौर पर वित्तीय सहायता, अनिवार्य आवश्यकताओं आदि के लिये प्राथमिकता देने के रुप में विभिन्न प्रोत्साहन देकर निजी सेक्टर को और अधिक होटल स्थापित करने के लिये भी प्रोत्साहित किया जाता है; और (iv) विभाग की परिवहन ऋण योजना के अधीन आसान ऋण शर्तों पर वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाती है ताकि अनुमोदित पर्यटक कार प्रचालक पर्यटकों की मांग को पूरा करने के लिये कारें/कोंचे खरीद सके। पर्यटक वाहनों की अपनी फ्लीट में वृद्धि करने के लिये अनुमोदित पर्यटक कार प्रचालकों तथा यात्रा अभिकर्ताओं के लिये आयातित सेकेण्ड हैण्ड कारों की व्यवस्था करने की भी विभाग की योजना है।

### राजस्थान में आवश्यक वस्तुओं की वितरण प्रणाली

203. **श्री बिरधी चन्द जैन** : क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान राज्य में आवश्यक वस्तुओं की वितरण प्रणाली संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) केन्द्र सरकार ने इस प्रणाली में कोई परिवर्तन और सुधार करने का विचार किया;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने वितरण प्रणाली में परिवर्तन तथा सुधार करने के प्रयोजन से राज्य सरकार को कोई निदेश भज हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के निदेशों तथा सलाह को कहां तक स्वीकार किया है?

**वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और इस्पात तथा खान मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी)** : (क) से (घ). सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

### जैसलमेर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास

204. **श्री बिरधी चन्द जैन** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पर्यटन दृष्टिकोण से जैसलमेर जिले के मुख्यालय जैसलमेर शहर का विकास करने के लिये पर्यटन विभाग द्वारा अब तक कितनी राशि खर्च की गई है और इस बारे में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) जैसलमेर की यात्रा करने के लिये बड़ी सख्या में विदेशी और भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु पर्यटन विभाग द्वारा इस वर्ष दी जा रही विशेष सुविधायें क्या हैं;

(ग) इस बारे में आगामी पांच वर्षों की योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या विभाग ने जैसलमेर तक विभाग सेवाओं का विस्तार करने के लिये कोई कार्यवाही की है और यदि हां, तो उसकी प्रगति क्या है?

**पर्यटन और नागर विमानन तथा श्रम मंत्री (श्री जं० बी० पटनायक)** : (क) पर्यटन विभाग ने 6,10,200 रुपए की लागत पर जैसलमेर में एक पर्यटक बगले का निर्माण किया है। बाद में, इसके विस्तार पर 1,14,000 रुपए की अतिरिक्त राशि खर्च की गई। 48 बड वाले इस पर्यटक बंगले की प्रबंध-व्यवस्था राजस्थान पर्यटन विकास निगम द्वारा की जा रही है।

(ख) और (ग) इस केन्द्र की यात्रा करने के लिए बड़ी सख्या में पर्यटकों को आकर्षण करने हेतु इस वर्ष पर्यटन विभाग द्वारा जैसलमेर में कोई खास सुविधाए प्रदान नहीं की जा रहीं है। तथापि, भारत पर्यटन विकास निगम का अपनी पचवर्षीय योजना 1978—83 के अन्तर्गत जैसलमेर में एक यात्री-गृह के निर्माण का प्रस्ताव है।

(घ) इडियन एयरलाइन्स की, जैसलमेर तक विमान-सेवाओं का विस्तार करने की, फिलहाल, कोई योजनाए नहीं हैं।

### लघु उद्योगों को उसके उत्पादों का निर्यात करने के लिए दी गई सुविधायें

205. **श्री मूल चन्द डागा** : क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति मंत्री यह** बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लघु उद्योगों को उसके उत्पादों के निर्यात के लिये क्या सुविधायें दी गई हैं;

(ख) क्या सरकार **का विचार** निर्यात को बढ़ावा देने के लिये **वर्तमान** सुविधाओं में कोई परिवर्तन करने का है; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है?

**वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और इस्पात तथा खान मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी)**: (क) (i) लघु स्तरीय एककों के मामले में निर्यात सदन प्रमाण पत्र दिए जाने के लिए विहित निर्यातों

का न्यूनतम वार्षिक औसत एफ० ओ० बी० मूल्य चुनिन्दा और गैर चुनिन्दा उत्पादों के लिए क्रमशः 25 लाख और 2 करोड़ रु० है जबकि बड़े स्तरीय एककों के लिए ये सीमाएं एक करोड़ रु० और 5 करोड़ रु० हैं। यह सुविधा लघु स्तरीय एककों के साथी संघ को भी उपलब्ध हैं।

(ii) निर्यात सदन प्रमाण पत्र देने के लिए व्यापारी निर्यातक अथवा बड़े पैमाने के विनिर्माता की पात्रता निर्धारित करने के सम्बन्ध में लघु स्तरीय उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों के निर्यातों का मूल्य ऐसे निर्यातों के एफ० ओ० बी० मूल्य का दुगना समझा जाता है।

(iii) निर्यात सदन को दिए जाने वाले अतिरिक्त लाइसेंस का मूल्य लघु स्तरीय तथा कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों के निर्यातों के एफ० ओ० बी० मूल्य का हिसाब 33 1/3 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है जबकि बड़े पमाने के उत्पादों के मामले में इसका हिसाब केवल 5 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है।

(ii) निर्यात संवर्धन के लिए सहायता अनुदान संहिता के अन्तर्गत लघु उद्योग क्षेत्र के निर्यात सदनों और साथ ही लघु उद्योग एककों के साथी संघ को उनके बिक्री दलों के विमित्त व्यय का 60 प्रतिशत दिया जाता है। जबकि अन्य निर्यात सदनों को 25 प्रतिशत दिया जाता है।

(ख) तथा (ग). 1980-81 के लिए आयात नीति बनाने के सम्बन्ध में पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति की समीक्षा की जा रही है।

**दिल्ली तथा जोधपुर के बीच बरास्ता जयपुर, विमान सेवा पुनः आरम्भ करना**

206. **श्री बिरधी चन्द जैन : क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली तथा जोधपुर के बीच, बरास्ता जयपुर, विमान सेवा कब से नहीं चल रहा है और इसके क्या कारण हैं ; और

(ख) इसके कब तक पुनः आरम्भ हो जाने को आशा है ?

**पर्यटन और नागर विमानन तथा श्रम मंत्री (श्री जे0 बी0 पटनायक)** : : (क) और (ख) बम्बई/अहमदाबाद/उदयपुर/जोधपुर/दिल्ला का परिचालन करने वाली दैनिक एच० एस0-748 सेवा को 6 जलाई, 1979 से निलम्बित कर दिया गया था क्योंकि एक एच0 एस0-748 विमान मंगलौर में एक दुर्घटना में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। 4 अगस्त, 1979 को बम्बई के निकट हुई एक दुर्घटना में एक और एच0 एस0-748 विमान के नष्ट हो जाने से इंडियन एयरलाइन्स की क्षमता की कमी और भी गंभीर हो गयी। इंडियन एयरलाइन्स के विमान-बेड़े में वर्ष 1980 के दौरान 4 बी-737 विमान और जुड़ जाने पर आशा है इंडियन एयरलाइन्स जोधपुर की विमान सेवा को सितम्बर, 1980 तक पुनः चालू कर देगी।

**Opening of Hotels in Foreign Countries by Oberoi Groups**

207. SHRI PIUS TIRKEY: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether the Oberoi Groups of Hotels have been permitted to open hotels in a number of foreign countries; if so, full particulars thereof;

(b) the terms and conditions under which this Group has been permitted to set up hotels abroad; and

(c) the total annual foreign exchange they have earned for the country during the last three years?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION AND LABOUR (SHRI J. B. PATNAIK): (a) to (c). The information is being collected and will be laid on the table of the Sabha.

**Export of Steel Tubes**

208. SHRI PIUS TIRKEY: Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether India is exporting Steel Tubes abroad; if so, full particulars;

(b) the companies which are manufacturing and exporting these items;

(c) whether irregularities have been discovered on the part of these companies with regard to foreign exchange earnings from the exports; and

(d) if so, full details and action taken against defaulting companies?

THE MINISTER OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND STEEL AND MINES (SHRI PRANAB MUKHERJEE): (a) Yes, Sir. Export of steel tubes from this country